an>

Title: Need to provide banking facilities in the remote areas of Garhwal Parliamentary Constituency of Uttarakhand.

मेजर जनरल भुवन चन्द्र खंडूड़ी एवीएसएम (सेवानिवृत्त) (गढ़वाल): महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र गढ़वाल में अधिकतर भूभाग पहाड़ी है। जनसंख्या घनत्व कम है और लोग दूर-दराज के क्षेत्रों में रहते हैं। इस क्षेत्र में सेवानिवृत सैनिक भी काफी संख्या में रहते हैं।

HON. SPEAKER: Please do not block the hon. Member who is speaking. You are blocking him and it is not proper.

मेजर जनरल भुवन चन्द्र खंडूड़ी एवीएसएम (सेवानिवृत्त): महोदया, इन दूर-दराज के क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का निरंतर अभाव रहा है। सेवानिवृत लोगों को अपनी पैंशन अथवा अन्य किसी भी बैंकिंग सुविधा के लिए काफी समय एवं धन व्यय करना पड़ता है। कुछ क्षेत्रों में तो बैंक जाकर दूसरे दिन ही घर वापस आ सकते हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी की महत्वाकांक्षी एवं जनोपयोगी "जन-धन योजना" एवं विभिन्न योजनाओं द्वारा प्रदत सब्सिडी की राशि भी बैंक खातों में ही आ सकती है। ऐसे में बैंकिंग सुविधाओं के न होने से उपरोक्त योजनाएँ भी विफल हो रही हैं। उदाहरणार्थ, चमोली जिले के परखाल, रैंस, पांडुकेश्वर, काण्डईपुल, नागवूलाखाल, घुनारघाट खंसर के लोग वर्षों से बैंकिंग सुविधाओं के लिए आंदोलनरत हैं।

एक तरफ जिला मुख्यालयों में सभी राÂष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएँ खोलने का अनिवार्य नियम है, जिससे कि छोटे-छोटे जिला मुख्यालयों पर भी 20 से 25 बैंक शाखाएँ हो गई हैं, जो कि वहाँ की जनसंख्या के अनुपात में अधिक हैं, दूसरी ओर कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में एक भी बैंक नहीं हैं।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाकों में भी बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं

श्री शरद त्रिपाठी को मेजर जनरल भुवन चन्द्र खंडूड़ी एवीएसएम (सेवानिवृत्त) द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।